**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 05 /08/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023-24/07-परीक्षा/2023**

लखनऊः दिनांक- 29 जनवरी, 2024

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2023, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (Preliminary Eligibility Test-PET)-2023 की लिखित परीक्षा दिनांक 28.10.2023 एवं 29.10.2023 को दो-दो पालियों में आयोजित की गयी थी। मा0 आयोग की बैठक दिनांक 29.01.2024 में उक्त लिखित परीक्षा से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के स्कोर को प्रकाशित करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का स्कोर, परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने की तिथि से 01 वर्ष तक मान्य होगा।

सूच्य है कि आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के उपरांत भी 31 अभ्यर्थियों द्वारा अपनी ओ0एम0आर0 शीट में प्रश्नपुस्तिका क्रमांक अंकित नहीं किया गया है अथवा त्रुटिपूर्ण अंकित किया गया है। उक्त 31 अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त करते हुए उनके स्कोर कार्ड में परीक्षा परिणाम की स्थिति **CANCELLED** अंकित की गयी है।

सूच्य है कि 890 अभ्यर्थियों को केन्द्र अधीक्षकों द्वारा लिखित परीक्षा हेतु औपबन्धिक प्रवेश दिया गया है, उनके स्कोर कार्ड में परीक्षा परिणाम की स्थिति तदनुसार **PROVISIONAL** अंकित करते हुये, उनका परीक्षा परिणाम/स्कोर प्रकाशित किया जा रहा है।

सूच्य है कि 06 अभ्यर्थियों का परिणाम जांच के अधीन प्रकाशित किया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थियों के स्कोर कार्ड में परीक्षा परिणाम की स्थिति तदनुसार **UNDER INVESTIGATION** अंकित की गयी है।

सूच्य है कि 75 अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुये पाये गये हैं, ऐसे अभ्यर्थियों के स्कोर कार्ड में परीक्षा परिणाम की स्थिति तदनुसार **UNFAIR MEANS** अंकित करते हुये आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रियानुसार सम्बन्धित अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया गया है।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (Preliminary Eligibility Test-PET)-2023 की लिखित परीक्षा का परिणाम/ स्कोर कार्ड आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होम पेज पर दिये गये Results सेगमेंट/ लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपना परीक्षा परिणाम/ स्कोर कार्ड देख सकते हैं।

29/01/24

सचिव,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।